प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- नव वर्ष के स्वागत के लिए प्रदेश पूरी तरह तैयार। पर्यटक स्थलों पर उमड़ी सैलानियों की भीड़–सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम
- कल हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति–2021 के संशोधन को मंजूरी।
- राज्य लोक सेवा आयोग ने घोषित किया हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम–सिरमौर जिला की मेघा सिंह कंवर ने किया टॉप।
- प्रदेश भाजपा ने केंद्र सरकार के वर्ष 2025 के आर्थिक सुधारों का किया स्वागत–कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश सुशासन की ओर अग्रसर।

नव वर्ष

नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का खूब तांता लगा हुआ है। रोजाना हजारों सैलानी प्रदेश के पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। शिमला, कसौली, चायल, मनाली और डलहौजी सैलानियों से पैक हो गए हैं। शिमला और मनाली में भी 85 फीसदी तक कमरे बुक हो गए हैं। न्यू ईयर ईव पर धर्मशाला और चायल में न्यू ईयर क्वीन चुनी जाएगी। सैलानियों की सुविधा के लिए प्रदेश में ढाबे और रेस्टोरेंट रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। पुलिस अधीक्षक शिमला ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है और पर्यटकों से भी सहयोग की अपील की है।

वहीं दूसरी तरफ कुल्लू जिला नववर्ष का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है तथा हज़ारो की संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए सैलानी यहां नववर्ष की पूर्व संध्या का जश्न मनाने के लिए पहुँच चुके है।

इस बीच नए साल के दौरान पर्यटकों के स्वागत को चम्बा जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मौसम के बदले मिजाज के चलते इस वर्ष व्हाइट न्यू इयर की उम्मीद है। ऐसे में जिला चम्बा में पिछले कुछ दिनों से पर्यटकों की आमद भी बढ़ी है। इसे देखते हुए जिला की पर्यटन नगरी खजियार व डलहौज़ी में काफी संख्या में पर्यटक पहुंच गए है। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिला में पर्यटकों की आमद को देखते हुए सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

मंत्रिमंडल की बैठक

कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति–2021 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अनुसार, निःशुल्क बिजली रॉयल्टी को कम की गई समान दर पर वसूलने में दी जा रही छूट यानि 12 प्रतिशत निःशुल्क बिजली तथा 1 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्र विकास निधि का लाभ उन परियोजनाओं को भी दिया जाएगा, जिनकी क्षमता 25 मेगावाट तक है और जिनके कार्यान्वयन समझौते पहले ही हस्ताक्षरित हो चुके हैं। मंत्रिमंडल ने एसजेवीएनएल की नाथपा झाकड़ी तथा रामपुर जल विद्युत परियोजनाओं में इक्विटी ऊर्जा हिस्सेदारी को हिमाचल प्रदेश सरकार को पुनः आवंटित करने की स्वीकृति भी प्रदान की, ताकि ऊर्जा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से बिक्री की जा सके। मंत्रिमंडल ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट–अप योजना के अंतर्गत स्टेज कैरिज सेवाओं के रूप में संचालन के लिए 18 से 42 सीटर बसों की खरीद पर अनुदान प्रदान करने को भी मंजूरी प्रदान की है।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कल नाहन मेडिकल कॉलेज के विस्तार से संबंधित मंत्रिमंडलीय उप–समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उप–समिति के सदस्य उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन के निर्माण को वर्ष 2018 में 260 दशमलव 70 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी और कार्यकारी एजेंसी के बीच विवाद के चलते जून, 2022 में निर्माण कार्य रोक दिया गया था तथा उस समय तक निर्माण कार्य में केवल 7 प्रतिशत भौतिक प्रगति ही हो पाई थी। उप–समिति ने संबंधित अधिकारियों को आगामी बैठक में मध्यस्थता से जुड़े मामलों तथा कार्यकारी एजेंसी द्वारा उठाए गए कदमों से संबंधित विस्तृत तथ्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

एचएएस परीक्षा

हिमाचल प्रदेश की सबसे कठिन मानी जाने वाली हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) प्रतियोगी परीक्षा–2025 का परिणाम हिमाचल लोकसेवा आयोग ने कल शाम को घोषित कर दिया है। इस बार परीक्षा में बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दो स्थानों पर कब्जा जमाया है। सिरमौर जिला की मेघा सिंह कंवर ने टॉप किया है, जबकि शिमला जिला के चौपाल क्षेत्र की अंचल कुमारी को दूसरा स्थान मिला है। आयोग के अनुसार कुल 35 पदों के लिए चयन प्रक्रिया कराई गई थी, जिनमें से 30 पदों पर अभ्यर्थियों की सिफारिश की गई है, जबकि विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के पांच पद रिक्त रह गए हैं। चयनित 30 अभ्यर्थियों में एक को हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा , दो को हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा , आठ को खंड विकास अधिकारी , नौ को तहसीलदार, दो को जिला नियंत्रक और आठ को असिस्टेंट कमिश्नर के पद आवंटित किए गए हैं। एचपीएएस के लिए मेघा सिंह कंवर का चयन हुआ है, जबकि एचपीपीएस में अंचल कुमारी और अभिषेक कपूर को जगह मिली है। राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रामेशवर ठाकुर ने बताया कि इस बार लोकसेवा आयोग ने नया इ तिहास रचते हुए एचएएस परीक्षा का अंतिम परिणाम उसी वर्ष 2025 में निकाल दिया है। जबकि इससे पहले ये परिणाम वर्षो तक लंबित रहते थे।

संदीपनी भारद्वाज

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने वर्ष 2025 के आर्थिक सुधारों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश आज परिणाम–आधारित सुशासन की ओर तेजी से अग्रसर है। इन सुधारों का उद्देश्य केवल नीतियाँ बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर आम नागरिक, श्रमिक, किसान, उद्यमी और युवा को सीधा लाभ पहुंचाना है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज समाचार पत्रों ने कल हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–नए साल में भरेंगे 2 हजार 231 पद, बहाली में नया शहर, घुमारवीं में बनेगी डिजिटल यूनिवर्सिटी। दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 100 सी.बी.एस.ई. स्कूलों में होगी गणित और अंग्रेजी के 400–400 टीचर्स की नियुक्ति।

आई.जी.एम.सी मारपीट मामले पर दैनिक जागरण लिखता है–गले मिले डॉक्टर –मरीज, मांगी माफी।

बद्दी मे सांसों पर संकट, हवा में घुला जहर, हालात हुए विकट दिव्य हिमाचल की एक खबर है।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–रोहतांग, शिंकुला दर्रा व चंद्राघाटी में बर्फबारी, उना में धुंध के कारण रास्ते से पास भेजी जा रही हैं रेलगाड़ियां।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है– एच.ए.एस परीक्षा का परिणाम घोषित, मेघा सिंह टॉपर, आंचल कुमारी दूसरे स्थान पर।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- नव वर्ष के स्वागत के लिए प्रदेश पूरी तरह तैयार। पर्यटक स्थलों पर उमड़ी सैलानियों की भीड़–सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम
- कल हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति–2021 के संशोधन को मंजूरी।
- राज्य लोक सेवा आयोग ने घोषित किया हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम–सिरमौर जिला की मेघा सिंह कंवर ने किया टॉप।
- प्रदेश भाजपा ने केंद्र सरकार के वर्ष 2025 के आर्थिक सुधारों का किया स्वागत–कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश सुशासन की ओर अग्रसर।